# पुराने काले कारनामों को आज व्हाइट करने का प्रयास

**विशेष सम्मेलन में परिषद ने बिन्दु को सर्वसम्मति से गिराया**

**पुरानी ऑडिट अनियमितताओं से जुड़ा था पूरा बिन्दु**




**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। पुराने काले कारनामों को नगर पालिका की परिषद में आज व्हाइट करने का प्रयास किया गया, जो सफल नहीं हुआ। हमें क्या लेना-देना कि वर्ष 2018 से वर्ष 22 तक क्या-क्या ऑडिट गड़बड़ियां हुई। इसलिए इस बिन्दु को सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से गिरा दिया है। यह बात नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने परिषद की बैठक समाप्त होने के बाद कही।**

दरअसल नगर पालिका टीकमगढ़ में एक विशेष सम्मेलन का अयोजन आज सागर के जेडी के आदेश पर किया गया था, इस सम्मेलन में पुरानी ऑडिट आपत्तियों को स्वीकृति के लिए रखा गया था। इसमें कुल 59 बिन्दुओं पर चर्चा होकर उन्हें पास कराने की तैयारी थी, लेकिन परिषद की बैठक शुरू होते ही सम्मेलन में बैठे पार्षदों ने पहले तो इसकी जानकारी मांगी, इसके बाद सभी ने सर्वसम्मति से बिन्दु को गिराकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा न देने की बात कही।

परिषद की बैठक का समय 4 बजे नियत किया गया था, लेकिन पार्षदों के इंतजार में यह बैठक 4 बजकर पूरे 56 मिनिट देरी से शुरू की गई। बैठक की शुरूआत में नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने सभी का स्वागत करते हुए परिषद के बिन्दु पर चर्चा करने के लिए नगर पालिका के अपने अधिनस्थों से कहा।

बैठक की शुरूआत नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा के आदेशानुसार की गई। बैठक को शुरू करते हुए विजय यादव ने बिन्दु के बारे में पार्षदों को जानकारी देना शुरू कर दी, इसी बीच अचानक पार्षद हबीब राईन ने माईक पकड़ा और कहा कि जिस बिन्दु पर चर्चा की जा रही है, उसकी पहले पार्षदों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध क्यों नहीं कराई गई क्या हम सभी से उल्टा-सीधा कराना चाहते हो, इतना ही नहीं उनकी इस बात को बल नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे ने भी दिया। अभिषेक खरे ने भी कहा कि ऐसे कैसे किसी प्रस्ताव को लेकर बैठक की जा सकती है, जिसकी जानकारी पार्षदों को नहीं, जिस पर काफी देर वहां गर्मागर्मी का माहौल व्याप्त हुआ। फिर अचानक नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे ने कहा कि हम सभी पार्षद एक मत से इस प्रस्ताव को गिराते हैं। हम किसी के पुराने पापों को यहां ठीक क्यों करें। इस बात को सुन सभी पार्षदों ने उनको सहमति देते हुए विशेष सम्मेलन के इस बिन्दु को गिरा दिया।

**प्रस्ताव गिरा दिया गया हैं, दुकानों की बसूली होगी**

नगर पालिका में हुए परिषद की बैठक में सिर्फ एक बिन्दु था जिसमें कुछ पुरानी ऑडिट आपत्तियां थी, इस प्रस्ताव को सभी पार्षदों ने एक मत होकर गिरा दिया है, वहीं सदन में जनप्रतिनिधियों ने यह बात भी रखी है कि जिन दुकानों की प्रीमियम राशि बकाया है उसकी बसूली की जाए, जिस पर यह स्पष्ट करता हूं कि आगे ऐसी दुकानों की बसूली होगी, जो राशि नहीं देगा उसकी दुकान दुवारा नीलाम कराई जाएगी। साथ ही इस दुकान के मामले में जो भी लापरवाही करेगा उसके खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**ओमपाल भदौरिया, सीएमओ**

# पहले ग्रामीणों फिर कर्मचारियों पर मामला दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। जतारा में बिजली दफ्तर में मारपीट के मामले में पांच बिजली कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले का एक नया वीडियो सामने आने पर सोमवार को यह कार्रवाई की गई। वीडियो में कर्मचारी महिलाओं को कुर्सी से मारते नजर आए। इस मामले में कर्मचारियों के प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों पर मामला दर्ज हुआ था अब कर्मचारियों पर मामला कायम किया गया।**

ग्रामीणों की शिकायत और मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। घटना 2 जून को जतारा बिजली दफ्तर में हुई थी। जतारा थाना पुलिस के अनुसार, रतनगुवां निवासी सुनील अहिरवार ने बिजली कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया था। वीडियो में बिजली कर्मचारियों को कुर्सी उठाकर महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए देखा जा रहा है।शिकायत और वीडियो के आधार पर जतारा बिजली कार्यालय में पदस्थ चंद्रशेखर नरवरिया, सरोज जोशी, मेसर जहां, सीमा जहां सहित एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन कर्मचारियों पर बीएनएस की धारा 296(ए), 115(2), 351(3), 3(5) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3 (1) (द) और 3 (1) (थ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले जतारा थाना पुलिस ने बिजली कर्मचारियों की शिकायत पर सुनील अहिरवार सहित नौ लोगों के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस तरह, पुलिस ने अब दोनों पक्षों की शिकायतों पर एफआईआर दर्ज की है।

# सड़क हादसे में घायल ने पुलिस में की शिकायत



**नवभारत न्यूज**

**खरगापुर। थाना कुड़ीला अंतर्गत हीरापुर गाँव में बीती रात्रि के समय एक चार पहिया वाहन बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी हैं जिसमें व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया व्यक्ति के घायल होने पर वहां गांव के लोग इकट्ठे हो गए और और चार पहिया वाहन वाले से ईलाज का बोलने लगते हैं तभी वह अपने आपसी लोगों को फोन कर देता है ।**

जिसमें सामंत सिंह बुंदेला और उनके कई साथी वहां पहुंच जाते हैं ।अपना रौब दिखाने लगते हैं वहां यह लोग अपनी तानाशाही दिखाते हैं और हाथ में बंदूक और डंडा लेकर राकेश बाल्मीकि को जातिसूचक गालिया देकर बंदूक का डर दिखाते हैं इतने में पुलिस को कोई सूचित करता है कुछ समय बाद पुलिस पहुंची। पुलिस ने लोगों को वहां से हटाया जब राकेश बाल्मीकि अपनी रिपोर्ट दर्ज़ कराने के लिए थाना पहुंचा तो वहां पर आवेदन तो ले लिया गया लेकिन उसकी पावती नहीं दी गई।

## ड्रेनेज सिस्टम ला रहा बदलाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं।**

मध्यप्रदेश का जिला ग्रामीण स्वच्छता एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

# स्वच्छता के तहत चलाया जा रहा अभियान




**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।**

इसीक्रम में जनपद पंचायत बल्देवगढ़ सीईओ विकास राव के मार्गर्शन में बल्देवगढ़ जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों एवं युवाओं ने स्वच्छता संबंधी बैनर के साथ रैली निकालकर लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

अभियान में उपस्थित ग्रामीणों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को कचरा इधर-उधर न फेंकने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत धजरई गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही वाहन चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

धजरई गांव के निवासी नंदकिशोर विश्वकर्मा ने बताया कि उनका छोटा भाई इमरत विश्वकर्मा 30 साल ड्राइवर था। शनिवार को वह अपने साथी को छोड़ने बाइक से उसके गांव गया था।

# 30 तक कराएं रजिस्ट्रेशन में सुधार

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई में व्यवसाय सटेनोग्राफी हिन्दी, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, बेल्डर, सोलर टैक्नीशियन और ट्रेवल एण्ड टूर असिस्टेन्ट में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल के माध्यम से 30 जून तक रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं।**

व्यवसायों की प्राथमिकता का चयन 30-06-2026 तक कर सकते है। प्रथम चयन सूची 10वीं परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर विभाग के पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी, जिसकी सूचना विभागीय पोर्टल पर पृथक से जारी की जाएगी तथा मेरिट के अनुसार आवेदकों को संबंधित संस्था में प्रवेश दिया जायेगा। शासकीय आईटीआई में प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी हेतु आवेदक केएल कोरी प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर आदित्य नायक मोबाइल नंबर पर संपर्क एवं शासकीय आईटीआई छत्रसाल द्वार पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## उर्वरकों की हुई व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**उप संचालक कृषि मनोज कश्यप द्वारा जिले के कृषकों को सूचित किया गया है कि खरीफ की प्रमुख फसलों जैसे मूंगफ ली, सोयाबीन, उड़द, मूंग, तिल एवं अन्य खरीफ फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा जिले में उपलब्ध है।**

जिला विपणन केन्द्र में यूरिया 1535 मैटन, डीएपी. 1915 मैटन, एनपीके. 1258 मैटन, एसएसपी 232 मैटन एवं पोटाश 164 मैटन, कृषि साख सहकारी समितियों में यूरिया की व्यवस्था हुई है।

# विभाग ने हितग्राहियों के मांगें आदेवन

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़ ।मत्स्य पालन को प्रोत्साहन करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे स्व रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से मप्र शासन द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न नवाचार गतिविधियों के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।**

योजना में झीगा पालन, ग्रामीण तालाबों में मत्स्यबीज संबंर्धन, मत्स्यबीज उत्पादन, मत्स्य पालन, स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना तथा मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना अंतर्गत ग्रामीण तालाबों के पट्टा धारक व्यक्तिगत मत्स्य पालक, मछुआ समूह, मछुआ सहकारी समितियां आवेदन करने के लिये पात्र है। चयनित हितग्राहियों को शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान का लाभ मिलेगा।

# प्रधानमंत्री के कार्यकाल को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, जिला टीकमगढ़ द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने भाग लिया।**

इस ऐतिहासिक अवसर को सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ मनाते हुए, भाजपा पदाधिकारियों और देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने पावन झिरकी बगिया मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू थामकर मंदिर परिसर, बगीचे और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। एकत्रित कचरे का सही निपटान कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान केवल एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि पीएम मोदी जी के स्वच्छ भारत के सपने को धरातल पर मजबूत करने का हमारा निरंतर प्रयास है।

## किसानों की बनेगी फार्मर आईडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कृषकों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री,बकेट क्लेमिंग के कार्य हेतु सोमवार 8 जून से 12 जून तक ग्राम स्तर पर शिविर लगाये जायेंगे।**

किसान फार्मर आईडी बनवाने , छूटे खसरों को जोड़ने हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। शिविरों में फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग से वंचित कृषकों की शत-प्रतिशत निजी भूमि फार्मर आईडी से लिंक की जायेगी। जिसका कार्य शुरू हो गया है।

# उमस भरी गर्मी से शहर के लोग परेशान




**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। दिन और रात के तापमान में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री था, जो रविवार को बढ़कर 41.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 26 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं।**

सोमवार को मौसम में 30 प्रतिशत आर्द्रता है और हवा 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। दोपहर 12 बजे ही तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। लगभग एक हफ्ते पहले हुई प्री-मानसून बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। हालांकि, इसके बाद से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है ।मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान मौसम में 30 से 40 प्रतिशत आर्द्रता बनी रहेगी। शुक्रवार से तापमान में गिरावट के संकेत हैं और शनिवार को बारिश की संभावना जताई जा रही है। लोगों को अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

## छात्रों को मिलेगी सहायता

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। मध्य प्रदेश के सामान्य, अनारक्षित छात्रों एवं छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2026 की घोषणा की है, जो अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर है। सरकार चयनित छात्रों को प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।**

मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2025 की अधिसूचना जारी की है।

## योगा शिविरों में लोग हो रहे शामिल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार घर घर योग हर व्यक्ति निरोग अभियान के अंतर्गत एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी आयुष संस्थानों में योगा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

इसीक्रम में डॉ बंशीलाल अहिरवार योगा नोडल अधिकारी ने बताया की आप सभी को विदित है की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को मनाया जाएगा। इसी के परिपेक्ष्य में आयुष विभाग टीकमगढ़ द्वारा जनसामान्य को योग दिवस के पूर्व अभ्यास हेतु योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जतारा जिला-टीकमगढ़ ( म .प्र . )

क्रमांक/712/न.परि./ निविदा/2026 — जतारा, दिनांक 21/5/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509 715_1 06-05-2026 को प्रता : 11 :00 बजे से | वार्ड नं.1 एवं 10 में तालाब बधान पर सौन्द्रीयकरण का कार्य। | 06 माह 9959233.00 | 10000 74694 | 08/07/2026 सांय 05 :30 बजे तक |

1 – मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर परिषद, जतारा
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, जतारा
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)


**बैठक** — समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# जनकल्याणकारी योजनाओं का कराएं क्रियान्वयन



**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मध्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए।**

बैठक में श्री श्रोत्रिय ने कहा कि कैलेंडर अनुसार 12-18 जून तक हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, कृषि सहित सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएं जिसमें आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पीएम आवास, लाड़ली बहना, पेंशन और राशन पर्ची जैसे प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। इसी के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फॉर्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी विकासखण्ड या नगरीय निकाय मुख्यालय पर लगने वाले जनकल्याण शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ अवश्य लें। जरूरी दस्तावेज लेकर आएं ताकि मौके पर ही पात्रता जांच कर लाभ दिया जा सके। जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं सभी जनपद सीईओ से निर्माणाधीन मुक्तिधामो की प्रगति की जानकारी ली एवं नियमित मॉनिटरिंग के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**फीडर सुधार कार्य की ली जानकारी**

कलेक्टर ने महेंद्र सागर तालाब के फीडर के सुधार कार्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि चरनोई भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो यह सुनिश्चित करें। पटवारियों के माध्यम से चरनोई भूमि पर निगरानी रखें।

## घटक बीज वितरण प्रकिया जारी

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़. तिलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मिशन ऑन इडीबल ऑयल योजना अंतर्गत घटक बीज वितरण अनुदान के माध्यम से कृषकों को नि:शुल्क बीज वितरण किया जायेगा.**

प्रदर्शन घटक में किसानों के पंजीयन के आधार पर प्रति प्रदर्शन अनुदान में बीज वस्तु के रूप में उत्पादक संस्थओ से किसानों को उपलब्ध कराकर कैफेटेरिया अनुसार प्रदर्शन की शेष सामग्री कृषकों के द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर डीबीटी के माध्यम से कृषकों के खाते में प्रावधानानुसार अनुदान भुगतान किया जायेगा. समस्त वर्ग के कृषक समस्त लघु ,सीमांत एंव अन्य कृषक प्रक्रिया - एमपी किसान पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन करें, अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क करें.


